प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह संसदीय क्षेत्रों में कल मतदान, डिस्पैच सेंटरों से मतदान कर्मियों की रवानगी जारी।
- आखिरी चरण के चुनाव के लिए संथाल बना प्रचार का केंद्र, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आज मधुपुर और जामताड़ा में सभा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गोड्डा में करेंगे चुनाव प्रचार, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन की बोरियो में सभा।
- टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी का बढ़ता अनुसंधान दायरा, आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से आज होगी पूछताछ, ईडी ने समन भेजकर किया है तलब।
- पश्चिमी सिंहभूम के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों की मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, पिस्टल और कारतूस समेत कई चीज़ें बरामद।
- राज्य में 29 मई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार, तीन से पाँच डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा तापमान।

******************

राज्य में छठे चरण के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में कल रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह संसदीय क्षेत्रों में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डिस्पैच सेंटरों से आज मतदान कर्मियों की रवानगी का सिलसिला जारी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रमों के अनुसार कल सवेरे 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा जिसमें लगभग 82 लाख 16 हज़ार मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।

******************

छठे चरण का चुनाव प्रचार थमने के बाद आखिरी चरण के लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों के लिए संथाल परगना का क्षेत्र प्रचार का केंद्र बन गया है। भाजपा के स्टार प्रचारक सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज मधुपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे गोड्डा से पार्टी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के लिए वोट मांगेंगे। श्री शाह इससे पहले दुमका लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा में भी रैली को संबोधित करेंगे। इधर इंडी गठबंधन के नेताओं ने भी संथाल के समर को जीतने के लिए प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज गोड्डा संसदीय क्षेत्र के मोहनपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन राजमहल संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बोरियो में जनसभा को संबोधित करेंगी।

******************

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि छठे चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं। बारिश की आशंका को देखते हुए मतदान कर्मियों को जल्द मतदान केंद्रों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। इस फेज में चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में वोटिंग होगी जिसके लिए कुल आठ हजार नौ सौ तिरसठ (8963) बूथ बनाए गए हैं।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दुमका शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप वितरण कार्य में तेज़ी लाने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कहा कि मतदान प्रतिशत बेहतर हो इसके लिए कई प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने हर एक मतदाता से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने वालंटियर की सेवा से संबंधित सूची का अवलोकन करते हुए कहा कि केवल 14 से 18 वर्ष से कम के बच्चों को ही वालंटियर बनायें और उन्हें प्रशिक्षण देकर मतदान दिवस के लिए तैयारी कराएं।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निजी टीवी नेटवर्क के कार्यक्रम में कहा कि 400 पार का नारा भाजपा द्वारा गढ़ा हुआ नहीं है। यह जनता के दिल से निकली बात है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते रसूख की भी चर्चा की। श्री मोदी ने कहा कि ईडी ने उनके कार्यकाल के दौरान 22 सौ करोड़ रुपए की नगदी ज़ब्त की है।

*****************

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दुमका लोकसभा के सारठ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान विधायक रणधीर सिंह और राज पलिवार भी उपस्थित थे।

*****************

झामुमो के वरिष्ठ नेता सह मंत्री बसंत सोरेन दुमका लोकसभा क्षेत्र के जमुआ प्रखंड के रामगढ़ में बूथ कमिटी की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया साथ ही उन्हें अपने अपने बूथों पर सजग रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान दुमका लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी नलिन सोरेन भी मौजूद थे।

*****************

रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरायकेला–खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कल मतदान होना है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी अनुसंधान का दायरा बढ़ा रही है। ईडी आज इस सिलसिले में आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ करेगी। ईडी ने उन्हें 22 मई को समन भेज कर 24 मई को पूछताछ के लिए हीनु स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था।

*****************

पुलिस और सुरक्षाबलों के संयुक्त अभियान के दौरान पश्चिमी सिंहभूम के कराईकेला थानान्तर्गत बलियाडीह एवं नवादा गाँव के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई जिसमें एक नक्सली ढेर कर दिया गया। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली पहाड़ी एवं घने जंगलो का लाभ लेते हुए भाग खड़े हुए। खूंटी, चाईबासा और सरायकेला के सीमावर्ती मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने पिस्टल, कारतूस वॉकी–टॉकी सेट और दैनिक उपयोग की सामग्रियों को बरामद किया गया है। मारे गए नक्सली का शव भी बरामद किया गया है।

*****************

बारिश की रिमझिम फुहार ने राज्य में चढ़ते पारा पर ब्रेक लगा दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक बारिश का यह सिलसिला आगामी 29 मई  तक चल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी कर कहा है कि कुछ इलाकों में इस दौरान आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान रांची समेत कई जिलों में जहां हल्की बारिश दर्ज की गयी वहीं राज्य के दक्षिणी पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं भरी बारिश भी हुई है।

राज्य में अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है लेकिन उसके बाद के दो दिनों में इसमें 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश समाचार पत्रों ने रांची समेत चार संसदीय क्षेत्र में कल होने वाले मतदान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है ।

प्रभात खबर ने लिखा रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर में वोटिंग कल। चुनाव से जुड़ी एक अन्य खबर को भी समाचार पत्र ने पहले पन्ने पर प्रमुखता से छापा है शीर्षक दिया दोनों चरण में वोट बढ़े पर प्रतिशत घटा।

दैनिक हिंदुस्तान ने शीर्षक बनाया रांची समेत चार सीटों पर प्रचार थमा।

दैनिक भास्कर ने भी इस खबर को प्रमुखता से छापा है। हैडलाइन दिया है रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में चुनाव प्रचार थमा यहां कल होगा मतदान।

दैनिक जागरण ने आलमगीर के बाद मंत्री हफीजुल और बादल पर लटकी ईडी की तलवार को अपना शीर्षक बनाया।

रांची एक्सप्रेस में लोहरदगा में खुदाई के दौरान कुआं धंसने और चार मजदूर की मौत की खबर को अपने प्रथम पृष्ठ में स्थान दिया है।

वहीं राष्ट्रीय नवीन मेल ने संसदीय चुनाव से जुड़ी खबर को अपना लीड बनाया है। शीर्षक दिया– झारखंड की चार लोकसभा सीट के लिए प्रचार थमा, मतदान कल।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया ने चुनाव से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को हैडलाइन बनाया है।

और अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने शेयर बाजार से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************